तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 36. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 16 मई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 ओड़ेकेरा समाधान शिविर में 2295 आवेदनों का किया गया निराकरण



## खबर संक्षेप

### ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत रिक्त पदों पर दावा आपत्ति आज तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिला, जनपद पंचायत के रिक्त पद लेखा सह एम.आई.एस. सहायक का पद संख्या-01 (अन्य पिछड़ा वर्ग-मुक्त) की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि प्राप्त आवेदन पत्रों का छानबीन समिति द्वारा जांच उपरांत पात्र/अपात्र सूची जारी किया गया है। जिसके संबंध में दावा-आपत्ति 16 मई 2025 को कार्यालयीन सायं 5 बजे तक जिला पंचायत कार्यालय में आमंत्रित किया गया है। उक्त पात्र, अपात्र सूची जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सूचना-पटल एवं जिला पंचायत के वेबसाइट एवं योजना के वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

### उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**जांजगीर-चांपा।** सारागांव सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में अघोषित रूप से हो रही बिजली कटौती से क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ है। शादी के इस सीजन में बिजली कब आयेगी इसका कोई भरोसा नही और नही ही कोई जानकारी देने वाला है। विद्युत उप संभाग से लोगो को काफी उम्मीदें थी लेकिन जब से विद्युत उप संभाग के दर्जा मिला है कटौती बढ़ गई है। इस उमस भरी गर्मी में भरी दोपहर हो या मध्य रात्रि बिजली कटौती से परेशान है। जब भी कारण की जानकारी लेने पर ऑपरेटर द्वारा ही खराब मौसम में ऐसा होता। सारागांव सब स्टेशन के अंतर्गत आने वालों गांवो के लिये विद्युत जानकारी हेतु सारागांव विद्युत जानकारी करके वाट्सअप ग्रुप बनाया गया हैं।

### पंजीकृत श्रमिकों का नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारंभ

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत पंजीकृत श्रमिकों का वर्ष 2008 से 2025 नवीनीकरण हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत निर्माणी पंजीकृत श्रमिक जिनका पंजीयन अवधि समाप्त हो गया है। जो अपरिहार्य कारणों से नवकरण से वंचित है ऐसे श्रमिकों के लिए श्रम विभागीय पोर्टल में ऑनलाइन नवीनीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है।

### 17 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना अकलतरा पुलिस द्वारा आज अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध करवाई की गई। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बसंत सूर्यवंशी उर्फ मुनकु निवासी चक्की पारा वार्ड 11 में चोरी छुपे अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बेच रहा था। पुलिस को जानकारी मिलने पर मूनकू सूर्यवंशी के कब्जे में 17 लीटर अवैध कच्ची महुआ शरबा कीमती 35 सौ रूपये को बरामद किया गया एवं आरोपी के विरुद्ध विधिवत धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन 31 तक

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में जिला स्तर के रिक्त 48 संवर्ग के 148 संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। सीएमएचओ ने बताया कि जिसमें 9 संवर्ग के 10 संविदा पद के लिए दावा आपत्ति मंगाया गया था। दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत चयन समिति द्वारा चयन एवं प्रतिक्षा सूची जारी किया गया है। जिसे जिले के वेबसाइट में भी अवलोकन किया जा सकता है।

---

भीषण गर्मी के चलते और भी करनी पड़ती है लोगों को मशक्कत

# आगजनी के बढ़ रहे मामले सुरक्षा के नहीं समुचित इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अविभाजित जिले में आगजनी के मामले लगातार सामने आ रहे है। इन सबके बावजूद सुरक्षा को लेकर समुचित इंतजाम तक नही है। वही दुसरी ओर भीषण गर्मी के दौरान अकस्मात घटना हो जाए तो लोगो को इससे निपटने काफी परेशानी उठानी पडती है।

गौरतलब है कि अविभाजित जांजगीर चाम्पा में आगजनी के कई मामले लगातार सामने आ रहे है। वही दुसरी ओर आग बुझाने को लेकर सुरक्षा के समुचित इंतजाम तक नही है। जिसके कारण किसी तरह की अप्रिय घटना हो जाने पर लोगो को काफी दिक्कतो का सामना भी करना पडता है। मार्च एवं अप्रैल महीने के दौरान चाम्पा शहर मे आगजनी की घटनाएं सामने आ चुकी है। चाम्पा के कोरवा पारा में टेलरिंग दुकान में शार्ट सर्किट की वजह से अचानक आग लग गई। इस घटना में दुकान संचालक को 3 लाख रूपए से अधिक का नुकसान हुआ। इसी प्रकार चाम्पा शहर के ही एक दो पहिया वाहन के शो रूम मे शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई, जिसके चलते शो रूप संचालक के तीन दो पहिया वाहन जलकर खाक हो गए। इसी प्रकार जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल ठाकुर छेदीलाल जिला चिकित्सालय में अटैच सिविल सर्जन के आफिस में शनिवार 10 मई की देर रात अचानक आग लग गई। इस घटना में आफिस के रिकार्ड रूम में रखे सरकारी दस्तावेज जलकर खाक हो गए। आगजनी की घटना किस कारण से हुई इसका पता अभी तक नही चल पाया है। इसी प्रकार सक्ती जिले के ग्राम पंचायत सरवानी में घरेलु गैस का सिलेंडर अचानक फट गया। इस घटना में घर के करीब 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस आगजनी की घटना के बाद सभी घायलो को पहले तो सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र सक्ती में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वही इनमें से 4 लोगो की गंभीर स्थिती को देखते हुए उपचार के लिए रायगढ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी प्रकार बलौदा क्षेत्र के ग्राम हरदी महामाया में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक ने कार पिकप एवं ठेले मे आग लगा दी, जिसके चलते कार एवं पिकप वाहन के साथ ठेला जलकर खाक हो गया। इस मामले में वाहन चालक को काफी नुकसान हुआ है। वही घटना के आरोपी को पुलिस ने गिरप्तार भी कर लिया है। इस तरह देखा जाए तो जांजगीर एवं सक्ती जिले में आगजनी की घटनाए लगातार बढ रही है। शासकीय दफ्तरों में भी आगजनी से निपटने के लिए इंतजाम पर्याप्त नहीं है।



फाईल फोटो- जिला अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय में लगी आग

### तीन दमकल के भरोसे जिला

जांजगीर चाम्पा जिले में महज तीन दमकलो के भरोसे ही आगजनी की घटना पर काबू पाने की कवायद की जाती है। जिला अग्निशमन अधिकारी कार्यालय के पास 3 दमकल वाहन आगजनी की घटना रोकने को लेकर रखे गए है। अगर आगजनी की घटना सामने आने पर इन वाहनो को घटना स्थल तक पहुंचने के लिए काफी लंबा समय लग जाता है। वही स्थानीय लोगो की मदद से जैसे तैसे आग पर काबू पाया जाता है। वही आगजनी की घटना को रोकने के लिए प्रकाश इंडस्ट्रीज चाम्पा सहित केएसके वर्धा पावर प्लांट के निजी दमकलों की मदद भी ली जाती है।

### भेजते है टीम

आगजनी की घटना सामने आने पर टीम भेजकर आग बुझाने का काम किया जाता है। इसके अलावा इस तरह के मामले सामने आने पर लोगों को जागरूक भी करते है।

**-सुश्री योग्यता साहू**
जिला अग्निशमन अधिकारी
जांजगीर चांपा

---

# 10 करोड़ के गौरव पथ निर्माण में अनियमितता, जांच में पहुंचे अफसर

## पूर्व में भी दो बार हो चुकी है जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

नगर पंचायत डभरा में निर्माणाधीन 10 करोड़ की गौरवपथ के कार्य में अनियमितता सामने आ रही है। मामले की शिकायत पर कलेक्टर द्वारा गठित जांच टीम ने गुरूवार को मौके पर पहुंचकर जांच की।

विदित हो कि नगर पंचायत डभरा में एक ठेकेदार द्वारा थाना चौक से शासकीय महाविद्यालय मोड़ तक 10 करोड़ रुपए की लागत से गौरवपथ का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें भारी अनियमितता होने की शिकायत कलेक्टर से की गई थी। शिकायत पर कलेक्टर के द्वारा जांच टीम गठित किया था। टीम में लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिक विभाग के इंजीनियर के द्वारा नगर पंचायत डभरा के अध्यक्ष, नायब तहसीलदार,मुख्य नगर पालिका अधिकारी और ठेकेदार के समक्ष निर्माणाधीन गौरवपथ की जांच की गई। जांच के लिए मौके पर जेसीबी मशीन भी मंगवाया गया और थाना चौक से लेकर शासकीय महाविद्यालय मोड़ तक बारिकी से जांच किया गया। पूर्व में भी गौरव पथ के निर्माण कार्य की जांच की जा चुकी है। जांच में गौरवपथ के थिकनेस एवं सीसी रोड की गुणवत्ता में खामियां पायी गयी, डिवाइडर को जेसीबी मशीन से तोड़ कर देखा गया तो उसमें छड़ लगाया ही नहीं गया। इसके अलावा डिवाइडर की ऊंचाई और चौड़ाई मानक से कम होना पाया गया है। सड़क की लंबाई, चौड़ाई भी मानक के प्रतिकूल पाया गया। कुल मिलाकर देखा जाय तो 10 करोड़ रुपये के गौरवपथ निर्माण में खामियां ही खामियां पायी गयी है। उक्त निर्माण कार्य की नगरीय निकाय विभाग में भी शिकायत किया गया था। जिस पर नगरीय निकाय विभाग के कार्यकारी अभियंता के कोर सेम्पल लेकर शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर में जांच के लिए भेजा गया था, जहाँ कोर सेम्पल फेल हो गया। उसके बाद ठेकेदार के द्वारा विभाग के मुख्य अभियंता रायपुर को शिकायत किया गया और कहा गया कि ठेकेदार की अनुपस्थिति में जांच किया गया है। इसलिए ठेकेदार की उपस्थिति में दोबारा जांच कर कोर सेम्पल लेकर शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय रायपुर जांच के लिए भेजा गया, जहाँ जांच में पहले जांच से गुणवत्ता ज्यादा खराब होना पाया गया। उसके बाद अब तीसरी बार जांच की गई है।



जांच करती अफसरों की टीम।

### प्रेषित करेंगे जांच प्रतिवेदन

उच्च अधिकारी के निर्देश पर जांच किया गया है। जांच में बहुत सारी खामियां पायी गयी है। जिसकी जांच प्रतिवेदन उच्च अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा।

**-राकेश द्विवेदी,**
अनुविभागीय अधिकारी
लोक निर्माण विभाग

---

# नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नाबालिक बालिका को शादी करने का झांसा देकर व बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने तथा दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला चांपा शहर के मोदी चौक का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक बालिका को किसी अज्ञात आरोपी द्वारा बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने की सूचना रिपोर्ट पर 14 मई को थाना चांपा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। नाबालिक बालिका पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विवेक शुक्ला के निर्देशन में अज्ञात आरोपी की लगातार पता - तलाश किया जा रहा था। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के कुशल मार्गदर्शन में मुखबिर सूचना मिला कि आरोपी रोहन सिंह राजपूत निवासी मोदी चौक वार्ड क्रं 10 चांपा के द्वारा नाबालिक बालिका को बहला फुसला भगा ले जाने की सूचना मिलने पर आरोपी की पतासाजी कर पकड़ा। जिसको घटना के संबंध में पूछताछ करने पर शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर कर भगा ले जाकर दैहिक शोषण करना जुर्म स्वीकार करने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी चांपा, उपनिरीक्षक भवानी चौहान, सउनि अरूण सिंह, महिला प्रधान आरक्षक पुष्पालता साहू, महिला आरक्षक संगिता लहरे, आरक्षक मुद्रिका दुबे, आरक्षक गोपेश्वर सिंह योगदान रहा।

### खास बात

- चांपा शहर के मोदी चौक का मामला



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### गाली गलौज से मना करने पर महिला से मारपीट, अपराध पंजीबद्ध

**मालखरौदा।** गाली गलौज देने से मना करने पर महिला से मारपीट की गई। मामले में पुलिस अपराध दर्ज कर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार बड़े रबेली के घसीया राम साहू किराए की हार्वेस्टर से धान कटवा कर हार्वेस्टर को अपने घर ला रहा था। रास्ते में लोकेश साहू अपने घर के सामने ट्रक खड़ा करके धान लोडिंग कर रहा था। लोकेश साहू अपने भाई लक्ष्मी साहू तथा हेमंत साहू के साथ घर पहुंच कर बाहर बुलाया और गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया घर के सामने झगड़ा होता देख बहन पदमा बाई साहू छुड़ाने के लिए पहुंची तो उसे भी मां बहन की अश्लील गाली देते हुए तीनों भाई मारपीट करने लगे। मामले में पुलिस अपराध दर्ज कर जांच कर रही है।

---

# बेजाकब्जा मीटिंग में शामिल नहीं करने पर भड़के चिल्हर व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- सीएमओ ने उनके हित में कार्य करने की दी हिदायत

अकलतरा नगर में बेजाकब्जा हटाओ अभियान के तहत एक बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें चिल्हर व्यापारी संघ के अध्यक्ष एवं चिल्हर संघ व्यापारियों को शामिल नहीं किया गया। जिसके कारण वे भड़क गए और इसका विरोध जताया।

ज्ञात हो कि नगर में बेजा कब्जा हटाओ मुहीम की बैठक में चिल्हर व्यापारी संघ के अध्यक्ष तनवीर आलम एवं चिल्लर संघ व्यापारियों को शामिल न करने से चिल्हर व्यापारी, ठेले, गुमटी एवं फल विक्रेताओं के द्वारा रोष प्रकट किया। मीटिंग में बड़े व्यापारियों, प्रबुद्ध नागरिक और पत्रकारो को शामिल किया गया और राय मशविरा पश्चात निर्णय लिया गया। शास्त्री चौक में अपनी आजीवन चलाने वाले फल ठेले एवं सब्जी और अन्य चिल्हर व्यापारियों को मीटिंग में न बुलाया गया और उनके लिए क्या व्यवस्था की जा रही है बताया नहीं गया है। छोटे व्यापारी एवं उनके अध्यक्ष तनवीर आलम द्वारा यह बात उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा एवं पार्षद दारा मिश्रा विजय खांडेल ,धनराज सिंह चौहान, कमलेश वैष्णव ,सुरेश मिर्चन्य ,मनोज टंडन ,भोकू पालीवाल को बताए जाने पर उनके द्वारा सीएमओ संजय सिंह के साथ शास्त्री चौक में एक मीटिंग बुलाई गई और उनसे अपने समस्या के बारे में बताया गया एवं चैंबर ऑफ़ कॉमर्स, नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ की बैठक में उनके लिए उचित व्यवस्था नहीं करने के संबंध में रोष प्रगट किया गया। सीएमओ संजय सिंह ने आश्वासन दिया है कि सभी चिल्हर व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखकर ही निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि फल एवं सब्जी विक्रेता पुराने सब्जी मार्केट में व्यवस्थित जगह बनाकर ठेला और बाजार लगायेंगे जब तक पुराने सब्जी बाजार को व्यवस्थित किया जायेगा, तब तक फल एवं सब्जी बाजार ओवर ब्रिज के नीचे या पोस्ट आफिस के पास लगेगा।



विरोध जताते चिल्हर व्यापारी संघ के अध्यक्ष व सदस्य।

---

# पेयजल की समस्या से जूझ रहे वार्डवासी, सप्ताह भर से बनी हुई है समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- भूमिपूजन होने के बाद शुरू नहीं हो सका पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य

नगर पालिका परिषद अकलतरा के वार्ड क्रमांक 3 रेक पाइंट के सामने पेयजल की समस्या विगत सप्ताह भर से बनी हुई है। इस समस्या को लेकर वार्डवासियों द्वारा कई बार नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों को अवगत कराया जा चुका है। बावजूद इसके स्थिति जस की तस बनी हुई है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि नगर के वार्ड क्रमांक 3 रेलवे रैक पॉइंट के सामने निवासरत लोगों को विगत एक सप्ताह से पेयजल आपूर्ति के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड तीन की पूर्व पार्षद एवं पूर्व एल्डर मेन श्रीमती आशा सतीश दीवान ने बताया कि रेलवे रेक पॉइंट के सामने की रहवसियों के घरों मे पिछले सप्ताह भर से एक बूंद पानी नगर पालिका की नलो से नहीं आ रहा है। वार्ड वासी पानी की तलाश मे अन्यत्र कुंआ, बोरिंग की ओर भटकने के लिए मजबूर हैं। वार्ड की इस गंभीर समस्या की जानकारी नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं जन प्रतिनिधि यों को अनेको बार लिखित एवम मौखिक सूचना देने के बावजूद किसी ने अब तक संज्ञान नहीं लिया है। रेलवे रेक पॉइंट के नीचे अत्यंत प्राचीन पाइप को शिफ्ट करने का टेंडर स्वीकृत हो कर भूमि पूजन भी हो चुका है, किंतु कार्य अभी शुरू नहीं किया जाना आश्चर्य जनक है। श्रीमती दीवान ने परिषद की कार्य प्रणाली की आलोचना करते हुए कहा है कि भीषण गर्मी मे पेयजल प्रदाय जैसे महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता नहीं दिया जाना अत्यंत निराशाजनक है। अधिकारी, जन प्रधिनिधि से अपेक्षा की गई है कि इसके पहले जल संकट से कोई विस्फोटक स्थिति न निर्मित हो, समस्या का शीघ्र निराकरण आवश्यक है। ताकि वार्डवाडियों को पानी की किल्लत ना होने पाए।

---

## कलेक्टर ने खरीफ फसल को लेकर अधिकारियों की बैठक में दिए दिशा निर्देश

# किसानों को 31 तक मिलेगा शून्य प्रतिशत ब्याज पर लोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

किसानों को खरीफ फसल के लिए 31 मई तक शून्य प्रतिशत ब्याज पर लोन दिया जावेगा। वहीं खाद और बीज का वितरण भी किया जाएगा। कलेक्टर ने खरीफ फसल के मद्देनजर बैठक लेकर अधिकारियों को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए।

खरीफ फसल के दृष्टिगत जिले में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने खाद-बीज भण्डारण एवं वितरण के संबंध में गुरूवार 15 मई को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि विभाग, जिला विपणन, नागरिक आपूर्ति, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सहित संबंधित विभागों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जांजगीर-चांपा जिला कृषि प्रधान जिला है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में गुणवत्ता युक्त खाद-बीज के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने किसानों को नवीन गुणवत्ता युक्त खाद का वितरण किये जाने का निर्देश। कलेक्टर ने 31 मई तक शून्य प्रतिशत ब्याज पर अधिक से अधिक किसानों को लोन प्रदान कर बीज एवं उर्वरक का उठाव करने कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में किसानों से खाद-बीज के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने किसानों के लिए डीएपी खाद की कमी की आपूर्ति हेतु इसकी जगह यूरिया, सुपर फास्फेट, पोटाश की संतुलित मात्रा या एनपीके मिश्रित खाद का उपयोग करने किसानों में जन जागरूकता लाने और प्रोत्साहित करने के निर्देश कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अभियान चलाकर किसानों को जागरुक करने व प्रशिक्षण देने कहा। उन्होंने बीज और खाद वितरण से संबंधित आवश्यक जानकारी मुनादी के माध्यम से समय-समय पर किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने सेवा समिति वितरण केंद्र को कार्य दिवस में प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रखने एवं आवश्यकता पड़ने पर अवकाश के दिन में भी खोलने के निर्देश दिए है। उन्होंने खाद-बीज उठाव, भंडारण व वितरण के प्रतिदिन की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने किसान पंजीयन की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप संचालक कृषि ललित भगत, जिला विपणन अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



---

# घर की बाड़ी में दबिश देकर पकड़ी अवैध शराब व भट्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

आबकारी विभाग ने मुखबिर की सूचना पर धर के बाड़ी में दबिश दी, जहां सम्मेलाल के घर के पीछे बाड़ी में महुआ शराब बनाने की अवैध भट्टी मिली। जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 15 मई को सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल को वार्ड नंबर 5 जमगहन थाना मालखरौदा निवासी सम्मेलाल पिता अभयराम के द्वारा अपने घर के पीछे बाड़ी में एक झोपड़ी में महुआ शराब बनाने की अवैध भट्ठी संचालित करने की मुखबिर सूचना मिली। सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल की टीम ने सम्मेलाल के घर छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान महुआ शराब की चढ़ी भट्ठी सहित 8 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क 34(2) 59 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय से रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया।



ARPA RIVER VALLEY
INTERNATIONAL
SCHOOL

# BEHIND EVERY SCORE, THERE'S A STORY OF HOPE AND HARD WORK

ARVIS proudly celebrates the outstanding success of our ARVISIANS in the Grade 10th & 12th Board Exams. This achievement isn't just about high scores, it's about the dedication of our ARVISIANS, the commitment of our teachers, and the unshakable trust of our parents. **Congratulations to our young achievers,** you've made us proud, not just with your marks, but with your mindset and determination.

## OUR CLASS 12TH ACHIEVERS

ADITYA RAJ MATHUR 96.8%

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| HARSH LAHRE 93.20% | NEHA VERMA 92.20% | ARNAV PRASAD 90.80% | ISHANT KUMAR RATNAKAR 90.40% | ABHILASH KHUTE 90.40% | PRANJAL MISHRA 90% | PRISHA SAHU 89.80% | MAHIN HUSAIN 89.80% | YASHI SHARMA 89.60% | RICHA NIRNEJAK 89.60% |
| RAJAT SAHU 89.60% | ADARSH KUMAR ANCHAL 89.20% | DEEPAK KUMAR CHANDRAVANSHI 89.20% | KOMAL MANGTANI 88.60% | KAVYANSH KASHYAP 88% | NIHAL SINGH RAJPAL 87.40% | MEDHANSHU BHARDWAJ 86% | MD. SAIF AHMED 86% | ANSHIKA AGRAWAL 85.80% | NEERZARA PRADHAN 85.20% |

## OUR CLASS 10TH ACHIEVERS

SHUBH KACHHWAHA 98.6%

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| HARSHIT GUPTA 97.8% | SAKSHI KEDIA 97.6% | ADITYA SINGH 95.2% | ADVAIT PETE 94.2% | RADHIKA SAHU 93.8% | AAHANA BASKAR 92.6% | SOMYA WADHWANI 92.6% | GURVEER SINGH CHAWLA 92.4% | ANANYA YADAV 92% | SWASTIKA KESHKAR 91.6% |
| SAIANSH AGARWAL 90.8% | MADHUSHRI GUPTE 90.4% | ANUKRITI KUMARI 90.2% | AARUSH AGRAWAL 89.8% | VIVEK KUMAR KASHYAP 89.4% | BHAWESH PATEL 88.4% | AARADHYA GUPTA 86.8% | MILEE JANGDE 86.4% | RAGHUVEER SINGH KHARSAN 86% | BAPY MAHANANDA 85.4% |

## QUALIFIED AND DEDICATED FACULTY

- Digital Learning Support
- Holistic Learning
- Support for competitive exams
- Vast subject choices
- Global Exposure
- Career Orientations
- Excellent Co-Curricular Facilities
- Expert Sport Coaches

## SUBJECT COMBINATIONS OFFERED

Maths/Biology/Commerce/Humanities with various additional subjects like....

Legal Studies | Psychology | Dance (Kathak) | Entrepreneurship | CS/IT | Yoga | Fashion Studies






# ARPA RIVER VALLEY INTERNATIONAL SCHOOL

9981794669, 9669049994, 9893056085 Beside Radhasoami Satsang Beas, Dheka-Masturi Road, Bilaspur, Chhattisgarh - 495001 www.arvis.edu.in

## खबर संक्षेप

### खाद बीज एवं विभागीय योजनाओं के संबंध में दी गई जानकारी



**मालखरौदा।** वरिष्ठ कृषि अधिकारी कार्यालय मालखरौदा में पिछले दिनों कृषि स्थाई समिति का प्रथम सम्मेलन एवं बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें खाद बीज तथा सभी विभागीय योजनाओं के संबंध में सभापति तथा शामिल सदस्यों को जानकारी प्रदान किया गया। इस बैठक में सभापति श्रीमती ललिता डहरिया, वरिष्ठ कृषि अधिकारी वतन जाधव, सदस्य मनोज सक्सेना ,शिवकुमार गोड, रामलाल बंजारे, श्रीमती कुमारी धीरहे, श्रीमती निर्मला बाई नेताम के अलावा विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

### रजिस्ट्री प्रणाली में दस क्रांतिकारी नवाचार पर आधारित कार्यशाला का आयोजन आज

**सक्ती।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पंजीयन प्रणाली में ऐतिहासिक बदलाव करते हुए रजिस्ट्री एवं नामांतरण से जुड़े 10 क्रांतिकारी नवाचार की शुरुआत की है। जिसके तहत फर्जी रजिस्ट्री रोकने लिए आधार सत्यापन, रजिस्ट्री खोज एवं डाउनलोड, ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र, स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्कों का एकीकृत नकद रहित भुगतान, व्हाट्सएप सेवाएं, डिजीलाकर सेवायें, रजिस्ट्री दस्तावेजों का स्वतः निर्माण, घर बैठे स्टाम्प सहित दस्तावेज निर्माण, घर बैठे रजिस्ट्री एवं रजिस्ट्री के बाद स्वतः नामांतरण आदि सुधार किया गया है। इन सुधारों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर कार्यशाला 16 मई को समय दोपहर 3 बजे कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित किया जायेगा। जिसमें जनप्रतिनिधियों, राजस्व अधिकारी, स्टेक होल्डर्स, बिल्डर्स, क्रेडाई, जमीन के व्यवसाय से जुड़े व्यवसायी तथा मिडिया उपस्थित होंगे।

### स्कूल खुलने से पहले रिक्त पदों पर शिक्षकों की भर्ती करने की मांग



**मालखरौदा।** रिक्त पदों पर शिक्षकों की भर्ती की मांग को लेकर मालखरौदा ब्लॉक के पूर्व जनपद सदस्य अरुण महिलांगे एवं टिकेश्वर चंद्रा द्वारा कलेक्टर शक्ति को आवेदन देकर स्कूल खुलने से पहले सभी जगह शिक्षकों की नियुक्ति स्वीकृति आधार पर पूरे ब्लॉक में किए जाने का मांग किया है साथ ही पर्याप्त संख्या में शिक्षक पदस्थ नहीं किए जाने पर पालको के साथ उग्र आंदोलन किए जाने की बात ज्ञापन में लिखा है।

### मुड़पार में आज लगेगा समाधान शिविर, ग्रामीणों की समस्याओं का होगा निराकरण

**तुस्मा।** ग्राम पंचायत मुड़पार में शुक्रवार 16 मई को एक दिवसीय समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 'सुशासन तिहार' के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के त्वरित और प्रभावी निराकरण हेतु आयोजित किया जा रहा है। प्रशासनिक स्तर पर इसकी सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं।समाधान शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों द्वारा पहले दर्ज कराई गई शिकायतों, सुझावों और समस्याओं का मौके पर समाधान करना है। इन आवेदनों में प्रमुख रूप से राशन कार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना,आयुष्मान कार्ड, जाति व निवास प्रमाण पत्र,जल निकासी,सड़क निर्माण बिजली-पानी की समस्या,और अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित मुद्दे शामिल हैं।इस विशेष शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे,जो विभागीय स्तर पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण करेंगे। ग्रामवासियों को अपने दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचने की अपील की गई है, ताकि आवेदन प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो, शिविर को सफल बनाने हेतु ग्राम पंचायत और अन्य संबंधित विभागों की ओर से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ग्राम पंचायत सचिव और सरपंच ने संयुक्त रूप से बताया कि यह शिविर शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीणों को त्वरित और पारदर्शी सेवा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना और सुलझाया जाएगा।

### 77 लाख रूपये की लागत से बनने वाले नाली निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

**जांजगीर-चांपा।** गत दिवस छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल जांजगीर-नैला नगर पालिका के नहरिया बाबा रोड में वार्ड नं. 06, 07 एवं 08 में 77 लाख रूपये की लागत से बनने वाले नाली निर्माण कार्य का विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर श्री चंदेल ने आम जनता को संबोधित करते हुये कहा कि नगर के विकास के लिये हम सब लोग मिलकर कार्य करेंगे, व्यवस्थित व संतुलित विकास करना हम सब का पहला लक्ष्य है। इस अवसर पर जांजगीर-नैला नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा गढ़ेवाल, देवानंद गढ़ेवाल, उपाध्यक्ष मोहन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विवेका गोपाल, अरूण झाझड़िया, पार्षद श्रीमती सुनीता यादव, अमित यादव, सतीश शर्मा, सुशील सिंह, वरूण पाण्डेय, बजरंग शर्मा, पिंकू राठौर, गरहन कश्यप, शंकर कश्यप, प्रजनन कश्यप, सरवन नामदेव, टीशू पाण्डेय, श्रीमती ललीता यादव, श्रीमती अदिती यादव सहित बड़ी संख्या में वार्ड व क्षेत्र के नागरिकगण उपस्थित थे।

---

शिविर में हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से किया गया लाभान्वित

# ओड़ेकेरा समाधान शिविर में 2295 आवेदनों का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर



समाधान शिविर में हितग्राहियों को ट्रायसिकल बांटते अतिथि।

जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत ओड़ेकेरा के हायर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार 15 मई को सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस समाधान शिविर ओड़ेकेरा में सक्ती जनपद पंचायत के ग्राम गुंजियाबोड़, देवरघटा, बरदूली, कुटराबोड़, आमाकोनी, रींवाडीह, बहेराडीह, हरदीडीह, बोईरडीह, गाड़ामोर, गुड़रुकला, से कुल 2295 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमे सभी आवेदनो का त्वरित निराकरण किया गया।

सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य यह है कि यहां उपस्थित जितने भी आमजन है जिंनकी जो समस्याएं हैं उन सभी का त्वरित निराकरण किया जाए। मै सभी अधिकारियों से कहना चाहता हु की आमजनों की समस्याओं का निराकरण आप गुणवत्तापूर्वक करें और जो यथासंभव हो सके उतना ही बढ़िया ढंग से निराकरण करके दे। ताकि गांवों के लोग ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित हो सके। और योजनाओं का क्रियान्वयन ग्रामीण स्तर में हो सकें। जितने भी विभागीय स्टॉल है सभी अधिकारी अपनी योजनाओं के बारे में बताएं और नई नई योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराएं। उक्त शिविर में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी/कर्मचारियो द्वारा प्राप्त आवेदनो का त्वरित निराकरण किया गया, विभिन्न विभाग द्वारा शासन के संचालित योजनाओ को आमजन के समक्ष शिविर के माध्यम से जानकारी दी गई हितग्राहियो को लाभान्वित किया गया।

सहकारिता विभाग द्वारा एटीएम कार्ड का वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्राइसाइकल का वितरण, मनरेगा अंतर्गत जॉब कार्ड का वितरण, खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड का वितरण किया गया। आयुर्वेद विभाग द्वारा शिविर में उपस्थित लोगो का जांच उपरांत दवाई वितरण किया गया जिसके तहत विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी दी गई। समाधान शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया था स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकतानुसार दवाई भी उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वही आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। ओड़ेकेरा में आयोजित शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी कीर्तन चंद्रा, सक्ती एसडीएम अरुण कुमार सोम,जिला पंचायत सदस्य निर्मल सिन्हा, श्रीमती सुशीला सिन्हा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा परदेशी खूंटे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सीताराम मुन्ना चंद्रा, सहित सरपंच/सचिव विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, समस्त विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण, स्व. सहायता समूहो के सक्रिय महिला सदस्य, ग्रामीणजन आदि उपस्थित रहे।

---



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

## वर्तमान समय में कौशल विकास महत्वपूर्ण : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

■ सशिमं में प्रांतीय शिशु वाटिका आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन

सरस्वती शिशु मंदिर अकलतरा में प्रांतीय शिशु वाटिका आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन समाज सेवी श्रीमती शुभासिंह के मुख्य आतिथ्य,अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अकलतरा श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी की अध्यक्षता एवं पुरंदन कश्यप प्रादेशिक सचिव ग्र ा म भा र ती छत्तीसगढ़ प्रांत एवं शिक्षण समिति के अध्यक्ष बिहारी लाल ताम्रकार के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

मुख्य वक्ता के रूप में जुड़ावन सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष विद्याभारती छत्तीसगढ़ प्रान्त उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती शुभा सिंह ने कहा आप सभी के प्रयास से कौशल विकास की शिक्षा दी जाती है। वर्तमान समय में कौशल विकास अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थी जीवन में कौशल विकास कर विद्यार्थी अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकता है। श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी ने कहा बच्चों में देशभक्ति संस्कार की नीव सरस्वती शिशु मंदिर में डाली जाती है। मुख्य वक्ता जुड़ावन सिंह ठाकुर ने कहा शिष्य में दृढ़ इच्छा सकती हो तो शिक्षक उसे कामयाबी तक ले जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को पेन डायरी प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य केशव कुमार कौशिक एवं आभार प्रदर्शन लव सिंह चंदेल ने किया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश साहू, गोपेश तुलस्यान, रविंद्र शराफ, डॉ. रामायण सिंह, राम कुमार साहू, लव सिंह चंदेल, दशरथ नामदेव, लखनलाल भुवने, अनिल कुमार सिंह, महेश्वर कश्यप, दीनदयाल अग्रवाल उपस्थित रहे ।

---



## कंजीनाला का गेट खोलने से घटा स्तर, निस्तारी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा में स्थित कांजी नाला वर्षों से ग्रामीणों के लिए निस्तारी का प्रमुख स्त्रोत रहा है। भीषण गर्मी के इस मौसम में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है, ऐसे में लोगों की पानी पर निर्भरता अत्यधिक बढ़ गई है। बिना किसी पूर्व सूचना के कांजी नाला का गेट खोल दिया गया, जिससे जलस्तर एकाएक नीचे गिर गया और ग्रामीणों की निस्तारी की व्यवस्था पर गहरा असर पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि कांजी नाला में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग स्नान, कपड़े धोना,पशुओं को पानी पिलाना और घरेलू उपयोग के लिए पानी भरने आते हैं। ऐसे में जलस्तर का अचानक गिर जाना न सिर्फ उनकी दिनचर्या को बाधित कर रहा है, बल्कि उनके सामने जल संकट खड़ा कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गेट खोलने से पहले न तो कोई सूचना दी गई और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की गई। तुस्मा के ग्रामीणों में इसे लेकर भारी आक्रोश है।

---

## जामुन का सत्यापन करने किसान स्कूल पहुंचे लखनऊ के वैज्ञानिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

■ कृषक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार को दिसंबर 2016 में भेजा था रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन

पौध किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के समक्ष जिले के एक छोटा सा गांव में रहने वाले प्रगतिशील युवा किसान दीनदयाल यादव ने दिसंबर 2016 में छत्तीसगढ़ की 36 प्रमुख भाजियों समेत जंगली पीला गेंदा, बेल, अनार, जामुन, केला, नारियल और अन्य पौधों का रजिस्ट्रेशन के लिए निर्धारित प्रारूप में उप संचालक कृषि व कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता के अनुसंशा कराकर प्रस्तुत किया था। जिनका रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया अंतर्गत उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित सीआईएसएच के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अंशुमान सिंह किसान स्कूल बहेराडीह पहुंचे और जामुन का पेड़ तथा अन्य सभी प्रकार की जानकारी आवेदनकर्ता के अनुसार जानकारी प्राप्त किया।



जामुन का सत्यापन करते वैज्ञानिक।

जामुन के पेड़, तना, छाल, पत्तियां, फूल, फल, गुठली, का लंबाई, चौड़ाई,वजन अन्य जानकारियां एकत्रित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक व प्रगतिशील किसान दीनदयाल यादव ने बताया कि दिसंबर 2016 में पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, संसद के अधिनियम द्वारा निर्मित सांविधिक निकाय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के समक्ष जामुन का रजिस्ट्रेशन के लिए शासन के द्वारा निर्धारित प्रपत्र को भरकर कृषि विभाग के उप संचालक और कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता के अनुशंसा से आवेदन प्रस्तुत किया था। जिनका सत्यापन करीब पांच साल पहले एक बार किया गया था और उसके बाद दूसरा बार फिर से जामुन के खूबियों को लेकर उनके सम्पूर्ण जानकारी आवेदनकर्ता के अनुसार भारत के उत्तर प्रदेश स्थित सीआईएसएच लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अंशुमान सिंह ने एकत्रित कर सेम्पल आवश्यक अनुसंधान के लिए लिया है।

**बेल और जंगली पीला गेंदा का मिला रजिस्ट्रेशन**-कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के उत्तर प्रदेश में स्थित सी आई एस एच लखनऊ के वैज्ञानिकों के द्वारा भौतिक सत्यापन करने के बाद वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव के नाम पर रजिस्ट्रेशन किया गया है। उन्होंने बताया कि जल्दी ही अनार का रजिस्ट्रेशन मिलेगा।

---

## सुरक्षा कर्मियों की सुरक्षा के लिए कीर्तन-प्रार्थना



**तनौद।** संगम तीर्थ कमरीद देवरघटा धाम में बने श्री महाकालेश्वर मंदिर, कैलाश धाम परिक्रमा परिसर में श्री गणेश जी रिद्धि सिद्धि नवदुर्गा महालक्ष्मी, महा सरस्वती,गायत्री माता,भारत माता, भैरव बाबा, बजरंगबली ऊपर कैलाश धाम में शिव परिवार की मूर्तियां विद्यमान है। प्राण प्रतिष्ठा अक्षय तृतीया पर हुई है जिसमें सभी मूर्तियों की साक्षी में भारत माता की व्यथा मुक्ति यानी क्रूर हिंसक गतिविधियों के संपूर्ण रोकथाम एवं समस्त सुरक्षा कर्मियों की सुरक्षा तथा उनमें महाशक्ति उत्सर्जन हेतु मातृ शक्ति मातृ ममता द्वारा कीर्तन प्रार्थना की गई। शुभारंभ आश्रम के संचालक आशुतोष सिंह द्वारा महाकाल शंकर भगवान एवं सभी देवी देवताओ की पूजा अर्चना कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजक मां शिवा सेवा समिति का गठन इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कराया गया है। यहां प्रति दिन प्रातः एवं संध्या को 1–1 घंटा सुरक्षा कर्मियों की सुरक्षा के लिए प्रार्थनाभगवान शंकर के दरबार में हो रहा है। संस्थापक कोड़ाभाट के ठाकुर वानप्रस्थी बलराम सिंह, आध्यात्मिक चिंतक संस्थापिका सावित्री सिंह सहित अन्य जुटे हुए है।

---

## मुस्लिम समाज आपसी भाईचारे की पेश करता है मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

■ कोटमीसोनार में राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लख रुपए दिए जाने की घोषणा

ग्राम कोटमीसोनार में हजरत बाबा सैयद अब्दुल शाह के 46वें सालाना उर्स पार्क के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज के आगमन पर मुस्लिम जमात कोटमीसोनार के सदर हाजी डॉ. अलीम खान और मुस्लिम समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. सलीम राज ने कहा कि हजरत बाबा सैयद अब्दुल शाह का सालाना उर्स मुस्लिम समाज द्वारा हर वर्ष श्रद्धा और उल्लास के साथमनाया जाता है। इस अवसर पर देश में अमन और शांति के लिए दुआ की जाती है।उन्होंने कहा कि ग्राम कोटमीसोनार में मुस्लिम समाज आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करता है और सभी त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जातेहैं। कार्यक्रम के दौरान मुस्लिम समाज द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण की मांग की गई, जिस पर डॉ. सलीम राज ने 10 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। उर्स के अवसर पर मुंबई के प्रसिद्ध कव्वाली गायक जुनैद सुल्तानी के कार्यक्रम का आयोजनकिया गया, जिसमें देर रात तक कव्वाली का आनंद लिया गया। कार्यक्रम में आनंद प्रकाश मिरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष शकून अघरिया, संतोष गुप्ता, मुस्लिम जमात अकलतरा के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान, रहमान खान, अफजल खान, फैजान अहमद, मोहम्मद लियाकत, उमर कुरैशी, मुस्लिम यंग कमेटी के अध्यक्ष कासिम बेग, उपाध्यक्ष शेर खान, सचिव डॉ. नफीस राजू कुरैशी, कोषाध्यक्ष अल्ताफ खान, इदरीस मोहम्मद, डॉ. नदीम खान सहित मुस्लिम समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।



अतिथि का स्वागत करते समाज के लोग।

---

## शासकीय सेवकों व शिक्षकों का नि:शुल्क किया जा रहा ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

वर्तमान में कार्मिक सम्पदा पोर्टल में शासकीय सेवकों की जानकारी अपडेट नहीं होने के कारण उनकी सेवानिवृत्ति के उपरान्त विभिन्न प्रकार के सेवा से संबंधित कई असुविधाओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन इन असुविधाओं को ध्यान में रखते हुए संचालनालय कोष एवं लेखा छत्तीसगढ़ के द्वारा सभी कर्मचारियों को अपनी जानकारी अपडेट करने के लिए आदेश किया है। इसके लिए चॉइस सेंटर में जाकर सभी शासकीय सेवकों का ई केवाईसी फिंगर प्रिंट के माध्यम से किया जाना है।

चॉइस सेंटर वाले सेवा देने के बदले 50 रुपए शुल्क के रूप में ले रहे हैं। गौरतलब है कि विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा में मां चंडी मंदिर के सामने में लीला मंडली चौक के पास शिक्षक बुद्धेश्वर प्रसाद कश्यप के द्वारा सभी शासकीय सेवकों का एवं सभी शिक्षकों का निशुल्क ई केवाईसी फिंगरप्रिंट के माध्यम से किया जा रहा है। भुद्धेश्वर प्रसाद कश्यप के द्वारा निशुल्क ई केवाईसी करने से सभी शासकीय सेवकों एवं शिक्षकों को अपना सेवा संबंधित जानकारी,नॉमिनी परिवर्तन,बैंक खाता नंबर परिवर्तन आदि निशुल्क किया जा रहा है। कार्मिक सम्पदा मॉड्यूल अद्यतन होने से वेतन विसंगति से संबंधित समस्याएं कम होगी। इस कार्य को बिर्रा में शिक्षक बुद्धेश्वर कश्यप के द्वारा अपने निवास में निःशुल्क कार्य करवाने के लिए इच्छुक शासकीय सेवकों एवं शिक्षक बुद्धेश्वर कश्यप से संपर्क कर सकते हैं।



ई केवाईसी करते शिक्षक।

---

ग्राम पंचायत मुड़पार में नशामुक्ति और सामाजिक शांति व्यवस्था को लेकर हुई बैठक

## नशाखोरी पर कसेगा शिकंजा, शांति व्यवस्था भंग होने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

शिवरीनारायण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़पार में 14 मई को नशामुक्ति और सामाजिक शांति व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शिवरीनारायण थाना प्रभारी भास्कर शर्मा उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य गांव में बढ़ती शराब और गांजा बिक्री पर अंकुश लगाना तथा ग्रामीणों को नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना था। गांव के बाजार चौंक स्थल पर आयोजित इस जनसमुदाय बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष,महिलाएं,युवाओं और पंच-सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थिति रहे। सभा को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि गांव में अगर कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से शराब या गांजा की बिक्री करता है, जिससे गांव का वातावरण खराब होता है या शांति व्यवस्था भंग होती है, तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है वे ऐसे असामाजिक तत्वों की पहचान करें और पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा अब समय आ गया है कि हम सब मिलकर अपने गांव को नशामुक्त बनाएं। थाना प्रभारी ने बताया कि नशाखोरी ना केवल व्यक्ति विशेष के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि इससे पारिवारिक और सामाजिक तानाबाना भी बिगड़ता है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और शिक्षा,रोजगार तथा खेलकूद जैसी सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेने की सलाह दी। बैठक में उपस्थित बुजुर्गों और महिलाओं ने थाना प्रभारी की बातों का समर्थन किया और गांव में नशा कारोबार करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाने की मांग की। बैठक के अंत में एक सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें यह निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायत मुड़पार को नशामुक्त गांव बनाने के लिए पंचायत,पुलिस और ग्रामीण मिलकर काम करेंगे। इस दौरान ग्राम सरपंच हेमा भूपेंद्र साहू, उपसरपंच अशोक कर्ष एवं पंचगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



ग्रामीणों को जानकारी देते थाना प्रभारी।

